हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025






संकलनकर्ता : यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता, कुरूद, मो. 9826882770, 7987345385










संकलनकर्ता : यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता, कुरूद, मो. 9826882770, 7987345385

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025

तापमान
अधिकतम 000 डिग्री
न्यूनतम 000 डिग्री

16 विंध्यवासिनी माता मंदिर में बढ़ाई गई सिक्योरिटी



18 रेलवे प्रभावितों को मिले अंतिम नोटिस की अवधि खत्म





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## खबर संक्षेप

### जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज

**धमतरी।** कलेक्टर और जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में 24 जून को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक रखी गई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के बाद आयोजित इस बैठक में जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न कार्यों पर चर्चा और अनुमोदन किया जाएगा।

# ट्रैक्टर से रेत की आपूर्ति शुरू, खनिज, राजस्व पुलिस विभाग ने 13 हाईवा को पकड़ा

### वाहनों को कम्पोजिट बिल्डिंग, कुरूद, बिरेझर, भखारा थाना की अभिरक्षा में रखा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी









ट्रैक्टर एसोसिएशन की हड़ताल खत्म होने के बाद महानदी में ट्रैक्टरों की आवाजाही शुरू हो गई है। पिछले 4 दिन से बाधित रेत आपूर्ति की फिर से बहाल होने की संभावना है। इधर खनिज विभाग ने अवैध परिवहन के मामले में 13 हाइवा को पकड़ा है। जब्त वाहनों को कम्पोजिट बिल्डिंग, बिरेझर, भखारा, कुरूद आदि जगहों पर अभिरक्षा में रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि शहर सहित आसपास के गांवों में रेत की आपूर्ति ट्रैक्टरों से होती है। गत दिनों रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई से ट्रैक्टर से रेत सप्लाई करने वालों की हालत पतली हो गई। इससे परेशान ट्रैक्टर एसोसिएशन ने कोलियारी के पास तीन घंटा चक्काजाम किया वहीं दो दिन धरने पर बैठे रहे। सोमवार को धरना खत्म हो गया और महानदी में ट्रैक्टरों की आवाजाही दिखने लगी। संभावना है कि हजार से बारह सौ रूपये में उपलब्ध होने वाली एक ट्रैक्टर ट्राली का दाम यथावत रहेगा।

इधर खनिज विभाग ने रवि-सोमवार की रात अवैध परिवहन में लिप्त 13 हाइवा वाहनों को पकड़कर अभिरक्षा में लिया है। जिला खनिज अधिकारी श्री भारद्वाज ने बताया कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध परिवहन, उत्खनन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बिना पिटपास के अवैध परिवहन करने वाले 13 हाइवा वाहनों को जब्त किया है। अवैध परिवहन कर रहे हाइवा जिले के बोरसी, राजपुर, दोनर, मंदरौद, ढीमरटिकुर आदि भंडारण क्षेत्र से पकड़े गए हैं। जब्त वाहनों में से 7 हाइवा कम्पोजिट भवन धमतरी, एक हाइवा भखाना थाना, दो हाइवा बिरेझर चौकी तथा 3 हाइवा कुरूद मंडी में अभिरक्षा में रखे गए हैं। पकड़े गए वाहनों को गौण खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी ने कहा है कि अवैध खनिज परिवहन, भंडारण और उत्खनन पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।




# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

■ बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे

**धमतरी।** घर के सामने रखी मोटरसाइकिल की चोरी कर उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी दुष्यंत ढीमर पिता हरिराम उम्र 28 वर्ष बीते 2 मई की रात्रि अपने घर के सामने मोटरसाइकिल को तालाब पार में खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह उक्त स्थान पर मोटरसाइकिल को न पाकर दुष्यंत ने आसपास काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर सिटी कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर पुलिस विवेचना में जुट गई। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से रत्नाबांधा चौक में दो संदिग्ध द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम आकाश बघेल व दूसरे ने सत्यनारायण नेताम बताया। आरोपियों ने पूछताछ में मोटरसाइकिल की चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी आकाश बघेल पिता विनोद उम्र 23 वर्ष सुभाषनगर वार्ड धमतरी व सत्यनारायण नेताम पिता ▶▶ शेष पेज 17 पर









संकलनकर्ता : यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता, कुरूद, मो. 9826882770, 7987345385


पूर्व केबिनेट मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता
मा. अजय भैय्या
को जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं
सुनील गायकवाड़
पूर्व जनपद सदस्य
कुलेश्वरी गायकवाड़
सभापति
खनिज विभाग, जिपं धमतरी
मीना साहू सभपति
सह.एवं उद्योग वि. जिपं धमतरी
डेमू साहू
पूजा सिन्हा सभापति
संचार एवं संकर्म वि. जिपं धमतरी
राजू सिन्हा
मा. अजय चंद्राकर
कुरूद विधायक
विनीत : सुनील ट्रेडर्स मरौद, जिला-धमतरी (छ.ग.)


24
JUN
हम सबके मार्गदर्शक व विकास पुरूष
मान.श्री अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अजय चन्द्राकर जी
कुरूद विधायक
श्रीमती पूर्णिमा साहू
पूर्व जनपद अध्यक्ष कुरूद
जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा
श्री रामस्वरूप साहू जी
भाजपा जिला मंत्री
मंजूलता साहू
सरपंच कुम्हारी (पुरेना)
विजय साहू
सरपंच प्रतिनिधि
डिगेश्वरी साहू
सरपंच भेड़सर
वेणु ध्रुव
सरपंच कोलियारी
देवेन्द्र ध्रुव
सरपंच प्रतिनिधि


कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता
मा. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
कामताप्रसाद साहू
अंवरी सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी
अध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा
श्रीमती गंगा टकेश साहू
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 24
श्रीमती सिंधु बैस
सभापति महिला बाल विकास
जनपद पंचायत कुरूद


युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, ऊर्जावान, कर्तव्यनिष्ठ
मान. श्री
अजय चन्द्राकर जी
24 जून
विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री
को अवतरण दिवस / जन्मदिवस की
अनंत शुभकामनाएं...
विनीत : भारतीय जनता पार्टी नगर पंचायत भखारा-भठेली


कुरूद विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता
मा. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं
अजय चंद्राकर जी
विधायक कुरूद
पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन
रूपचंद देवांगन
प्रतिनिधि, सभापति जपं कुरूद
संचालक - मां परमेश्वरी ब्रिक्स चाराभाठा
जयमित्र साहू
सरपंच ग्राम पंचायत गोजी
सागर साहू
मंत्री भाजयुमो सिर्री मंडल
खेमराज साहू
सरपंच ग्राम पंचायत कठौली
योगेश साहू
सदस्य, भाजपा सिर्री मंडल
पुरणलाल घृतलहरे
सरपंच ग्राम पंचायत अछोटी
हेमलाल यादव
मंत्री भाजपा सिर्री मंडल
खूबलाल देवांगन
मन की बात प्रमुख भोथली मंडल
विनीत : भारतीय जनता पार्टी सिर्री मंडल, कुरूद


कुरूद विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी, जननायक
अजय चंद्राकर जी को
जन्मदिन की गाड़ा गाड़ा बधाई
गौकरण साहू
उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी
डॉ. लोकेश साहू
अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल
थानेश्वर तारक अधिवक्ता
महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल
हरीश साहू
अध्यक्ष सरपंच संघ कुरूद
गौरव भोसले
महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल
अजय चंद्राकर जी
विधायक कुरूद
पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन
विनीत : भारतीय जनता पार्टी सिर्री मंडल, कुरूद










संकलनकर्ता: यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता कुरूद, मो. 9826882770 ; 7987345385







संकलनकर्ता : यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता, कुरूद, मो. 9826882770, 7987345385

चोरी की घटना को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने की व्यवस्था, 23 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

# विंध्यवासिनी माता मंदिर में बढ़ाई गई सिक्योरिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मंदिरों में हो रही लगातार चोरी की घटना को देखते हुए शहर के विंध्यवासिनी माता मंदिर में सिक्योरिटी कड़ी कर दी गई है। सीसीटीवी कैमरों से चौबीस घंटे नजर रखी जा रही है।

जिले में अज्ञात चोर गिरोह सक्रिय है जो लगातार मंदिरों को टारगेट कर रहा है। बीते महीने भर में रत्नाबांधा स्थित मंदिर, रिसाईपारा के नागेश्वर मंदिर, बस स्टैण्ड की काली माता का मंदिर व गुजराती कॉलोनी मोड़ के पास स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में अज्ञात चोर ने वहां रखी दानपेटियों की चोरी की। नागेश्वर मंदिर में रखी दो दानपेटी से दो लाख से अधिक की राशि पर चोर ने हाथ साफ किया है। चोरी की घटना के महज दो दिन बाद अज्ञात चोरों ने



रविवार की देर रात्रि कुरूद में स्थित चण्डी माता मंदिर में लाखों रूपये के गहने व मुकुट की चोरी कर बड़ा हाथ मारा है। मंदिरों में एक के बाद एक लगातार हो रही चोरी की घटना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिरों के संचालक सजग हो गए। शहर के आराध्य देवी विंध्यवासिनी माता मंदिर में भी सुरक्षा व्यवस्था टाइट कर दी गई है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने मीडिया को बताया कि मंदिरों में लगातार हो रही चोरियों को देखते हुए बिलाईमाता मंदिर में सुरक्षा को लेकर सभी प्रकार की सतर्कता बरती जा रही है। पहले मंदिर में 12 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे जिसे नवरात्रि के समय से ही बढ़ाकर 21 कर दिया गया। अब 21 सीसीटीवी कैमरों से मंदिर पर नजर रखी जा रही है। रात्रि में व्यवस्थापक मंदिर में ही रूक रहे हैं। मंदिर में पूजा करने की जिस पुजारी की पारी लगती है, वह परिवार सहित वहां रहता है। एक सफाईकर्मी भी वहीं सोता है। मंदिर के बाहर का मुख्य दरवाजा रात्रि 10 बजे के बंद कर दिया जाता है जो अगली सुबह 5 बजे खोला जाता है। पूर्व में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर में चोरी का प्रयास किया था जिसमें से एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि इन घटनाओं को देखते हुए रात्रि में पुलिस को मंदिरों पर विशेष नजर नियमित रूप से रख पेट्रोलिंग करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चौकीदार को भी अलर्ट रहने कहा गया है। सोमवार को और दो कैमरे लगाए गए हैं। मंदिर में कुल 23 सीसीटीवी कैमरे हो गए हैं।

### मंदिर चौक के पास पुलिस की तैनाती हो

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि विंध्यवासिनी मंदिर चौक से होकर नगरी मार्ग पकड़ा जाता है जिसके कारण यह चौक शहर की शुरूआत में स्थित मकई चौक की तरह महत्वपूर्ण हो गया है। इसे देखते हुए रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग वाहन चौक पर तैनात होना चाहिए। वहीं मंदिर के बाजू में स्थित बंद पड़े पुलिस सहायता केन्द्र में भी सिपाहियों को तैनात किया जाना चाहिए। मंदिर की आंतरिक सुरक्षा की व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अब पुलिस प्रशासन को बाहरी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है।

# मुरा में शासकीय घास भूमि पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



ग्राम पंचायत मुरा में शासकीय घासभूमि पर अतिक्रमण की समस्या को लेकर पंचायत और ग्रामीण समाज सक्रिय हो गए हैं। लगभग 170 अतिक्रमणधारियों ने अतिक्रमण छोड़ दिया है, लेकिन चार व्यक्तियों द्वारा विरोध और धमकी दी जा रही है। पंचायत पदाधिकारी और ग्रामीण समाज कलेक्टर को सूचित कर अतिक्रमण हटाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अतिक्रमणधारियों को नोटिस जारी किया गया है और प्रशासन के नियम अनुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए ताकि शासकीय भूमि को बचाया जा सके। अगर अतिक्रमण धारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो गांव की लगभग 120 एकड़ शासकीय घास जमीन अतिक्रमण की भेंट चढ़ जायेगी। इससे गांव में हॉस्पिटल, स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य शासकीय कार्य के लिए जमीन नहीं बचेगी। एक व्यक्ति ने आवश्यकता से अधिक जमीन पर कब्जा किया है।

# अंवरी में श्यामाप्रसाद मुखर्जी को किया याद



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर लेखराम साहू, बलराम ध्रुव, बिसाहू साहू, जागेश निर्मलकर, फलेन्द्र ध्रुव, दौवाराम साहू, कैलाश निर्मलकर, रंजीत जांगड़े, सोमनाथ निर्मलकर, परमानंद निर्मलकर उपस्थित थे।

लड़ेर प्राथमिक शाला में पालकों ने दी तालाबंदी की चेतावनी

# शिक्षिका को वापस लाने बनरौद स्कूल के छात्रों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

माध्यमिक शाला बनरौद के छात्र शिक्षिका को पुनः वापस लाने कलेक्टोरेट पहुंचे। वहीं लड़ेर पंचायत के सरपंच सहित पालकों ने प्राथमिक शाला में शिक्षक नियुक्त करने की मांग कलेक्टर से की है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में माशा बनरौद के करीब दो दर्जन छात्र पहुंचे। छात्रों के साथ तीन महिला पालक भी थी। उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शिक्षक युक्तियुक्तकरण के तहत बनरौद माध्यमिक शाला की शिक्षिका रूबीना अली को शामा शाला कुंगेरा भेज दिया गया है। रूबीना अली बहुत अच्छी पढ़ाती है। छात्रों ने शिक्षिका को पुनः वापस पदस्थ करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचे



विद्यार्थियों में कल्पना, तनुजा, भावना, अन्नपूर्णा, साक्षी, पूनम, किरण, भगवती, जोया सहित दो दर्जन से अधिक बच्चे उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण शिक्षकों ने कार्यभार से मुंह मोड़ा

ग्राम पंचायत लड़ेर की सरपंच श्रीमती उमा निषाद सहित कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे पंचायत जनप्रतिनिधि एवं पालकों ने प्राथमिक शाला लड़ेर में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग करते हुए कहा है कि संकुल भोथा, प्राशा लड़ेर में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 81 है। यहां केवल एक प्रधानपाठक पदस्थ हैं। शिक्षक युक्तियुक्तकरण के तहत भेजे गए शिक्षकों ने अभी तक कार्यभार नहीं लिया है। आवेदन में पालकों ने कहा है कि उन्हें ऐसे शिक्षक चाहिए जो स्थानीय तथा लंबे समय तक सेवा दे सके। पालकों ने तीन स्थानीय शिक्षकों का नाम सुझाते हुए कहा है कि इनके अलावा अन्य शिक्षकों को पदांकित करें अन्यथा विद्यालय में तालाबंदी के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# ग्रामीणों को दी पशुपालन की जानकारी





**धमतरी।** पशुधन विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशुपालन व योजनाओं की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय पशुधन मिशन एवं पोल्ट्री फार्मिंग के लिए कलेक्टर के निर्देश पर पशुधन विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में 36 ग्राम व 10 शहरी वार्ड के 126 पशुपालकों को डा.ठाकुर ने प्रोजेक्टर के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी। डा.टीआर वर्मा ने किसानों को उन्नत नस्ल के पशुपालन के बारे में बताया। डा. कुर्रे ने लाभान्वित पशुपालकों की जानकारी दी। डा. पटेल ने योजना के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। उपसंचालक एमएस बघेल ने पशुपालकों को योजना का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। इस दौरान अतिथियों ने उपस्थित पशुपालकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में एमएस बघेल उपसंचालक, डा. टीआर वर्मा अतिरिक्त उपसंचालक, डा. मयंक पटेल वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डा. एसके कुर्रे, डा. प्रमोद ठाकुर, मोबाइल यूनिट से डा. असीम दौलत एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी राकेश सिन्हा, दानेश्वर साहू, दिलीप सिन्हा, कोमल टंडन, प्रेमलाल साहू, गुलशन साहू सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।












## खबर संक्षेप

### अमलीडीह में आज आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

**मगरलोड।** ग्राम अमलीडीह में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक का लोकार्पण समारोह एवं शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 24 जून मंगलवार को दोपहर 3 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर सभापति कृषि जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता विरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड करेंगे। विशिष्ट अतिथि खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, बबीता ठाकुर जनपद सदस्य, रोहित साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल, जितेंद्री नाग सरपंच, नरसिंग बोर्झा उपसरपंच होंगे।

## निधन

### कलाबाई मिथलेश



**अंवरी।** ग्राम भाठापारा बंजारी निवासी कलाबाई मिथलेश उम्र 70 वर्ष का आकस्मिक निधन 20 जून को हो गया। वे अपने पीछे अपना भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। वे ओमप्रकाश, ढालसिंग, सोमप्रकाश एवं शकुन की माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम के शांतिघाट में हुआ। अंत्येष्टि कार्यक्रम में गौरव, कुमकुम, गणिका, एलीना, भारत, सुयश, विवेक, लियांश, शुभम समेत अन्य शामिल हुए।

### नंदबाई धीवर



**धमतरी।** शहर के बनियातालाब मकेश्वर वार्ड निवासी शंकरलाल ढीमर की पत्नी नंदबाई धीवर (65) का सोमवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। मंगलवार को सुबह 9:30 बजे उनकी अंतिम यात्रा शांतिघाट के लिए निकलेगी।

## पृष्ठ 3 का शेष

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी...

बिसंभर उम्र 30 वर्ष ग्राम सियारीनाला थाना केरेगांव निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। वहीं आरोपी आकाश की निशानदेही पर सुभाषनगर क्षेत्र में फड़ के पास छिपाकर रखी चोरी की मोटरसाइकिल को जब्त किया गया है।

इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, प्रआ हरिशंकर सिन्हा, आरक्षक रघुराज कर्ष, संजयपति व महेश्वर ध्रुव का योगदान रहा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)

सूचना

क्रमांक / / अ. वि. अ. / वा. - 01/2025
कुरूद, दिनांक /06/2025

प्रति,
ज्योति चंद्राकर पति श्री सुरेन्द्र चंद्राकर जाति कुर्मी, निवासी नगर पंचायत कुरूद, तहसील-कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.)

विषयः- न्यायालय में उपस्थित होने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय के अपील राजस्व प्रकरण क्रमांक 202205132300051/1305/apl/अ-70 / 2024-25 में अपीलार्थी ना.बा. टेमनलाल पिता मोहन पालक मां दुलेश्वरी वगै. विरूद्ध ज्योति पति सुरेन्द्र चंद्राकर काश्तग्राम-थूहा, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी स्थित वादभूमि ख.नं. 473/2, 474, 475/1 रकबा क्रमशः 0.21, 0.15, 0.35 हे. के निराकरण के सम्बन्ध में आपकी उपस्थिति नहीं हो पा रही है। जिसके कारण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित है। समाचार पत्र के माध्यम से आपकी उपस्थिति हेतु सूचना जारी किया जा रहा है, इस सूचना के बावजूद भी उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप स्वतः जवाबदार रहेंगे।

अतः आप पेशी दिनांक 27/06/2025 को दोपहर 2.00 बजे इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.

वन प्रबंधन समिति ने कार्रवाई करने सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

# आरक्षित वनभूमि से पेड़ की कटाई कर अतिक्रमणकारियों ने धान की बुआई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



वन परिक्षेत्र अधिकारी नगरी सामान्य वन मंडल धमतरी द्वारा कक्ष क्र. 289 को वन प्रबंधन समिति परसापानी के निस्तार जलाऊ, चारागाह एवं वनोपज संग्रहण हेतु शासन द्वारा पट्टा प्रदान किया गया था जिससकी सुरक्षा वन समिति परसापानी के सदस्यों द्वारा 1992 से लगातार की जा रही है वहीं आरक्षित वनभूमि से पेड़ की कटाई कर अतिक्रमण कारियों ने ट्रेक्टर से धान की बुआई की है। वन प्रबंधन समिति के सदस्यों ने धान बुआई की जानकारी वनरक्षक बांधा के हेमंत निखार को दी। इसके बाद भी वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। समिति के सदस्यों ने शनिवार को वन विभाग कार्यालय पहुंचकर संबंधित अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति के अध्यक्ष रामूलाल मंडावी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर 2016 से लगातार विभाग को आवदेन के मध्यम से अवगत कराया जा रहा है। कार्रवाई नहीं होने से पेड़ की अवैध कटाई, धान की बुआई जोरों से चल रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि अगर विभाग कार्रवाई नहीं करता है तो समिति के साथ साथ गांव वाले आन्दोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपाध्यक्ष नरेश कुमार गायकवाड़, दिनेश कुमार साहू, पन्नालाल कश्यप, किशोर कुमार मरकाम, पृथ्वीराज अग्रवानी, विशाल सिंग मरकाम, सरदार मरकाम, महेंद्र मरकाम, देवलाल नेताम, द्वारका प्रसाद ग्वाल, गोपीचंद, मन्नू लाल नेताम, नंदलाल यादव, अघन नेताम समेत समिति के सदस्य व ग्रामवासी मौजूद थे।

इस संबंध में विभागीय अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई मगर संपर्क नहीं हो पाया।

## रसोइया संघ ने मुख्य, अपर सचिव के समक्ष रखी समस्याएं



**नगरी।** छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ ने अपनी मांगों को लेकर मंत्रालय में शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव और अपर सचिव से मुलाकात की। संघ ने स्कूल मर्ज होने पर रसोईयों को नहीं निकालने, 16 से 30 जून तक मानदेय नहीं मिलने, मध्यान्ह भोजन बनाने के समय दुघर्टना होने पर क्षतिपूर्ति राशि देने, गैस सिलिंडर की व्यवस्था करने की मांग की। मुख्य सचिव ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए एक सप्ताह के अन्दर सभी पांचों संभाग में आदेश जारी करने की बात कही। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रामराज कश्यप, प्रदेश कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल कुदराम, अध्यक्ष अमृत पुजारी, उपाध्यक्ष चमेली मानिकपुरी, सलाहकार रामप्यारी यादव, संरक्षक बिदे राम मरकाम, सहसचिव खेमराज साहू, सलाहकार फुलेश्वरी यादव, सावित्री साहू, संतोष मरकाम, गोमती बाई, संगीता नेताम उपस्थित थे।

## शिक्षा ही समाज के विकास का आधार स्तम्भ

- शासकीय स्कूल मगरलोड में शाला प्रवेश उत्सव पर हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने पौधरोपण भी किया। मुख्य अतिथि जपं मगरलोड अध्यक्ष विरेन्द्र साहू थे। अध्यक्षता नपं अध्यक्ष लीलेश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड बीईओ एनआर साहू, नपं पार्षद सुरेश साहू, दुर्गा साहू, विराजोबाई, तामेश्वरी साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मंशाराम साहू थे। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विरेन्द्र साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का आधार स्तम्भ है। लीलेश साहू ने कहा कि शिक्षा के बिना संसार शून्य है। शिक्षा वह ज्योति है जिससे संसार को जगमग किया जा सकता है। मौके पर पार्षद सुरेश साहू, मंशाराम, दुर्गा साहू, शिक्षक विरेन्द्र सरल, आत्माराम साहू, प्राचार्य सहित स्टाफ और पालकगण उपस्थित थे।

नगर पंचायत ने स्कूल परिसर में चेकर टाइल्स लगाने प्राक्कलन तैयार करने कहा

## प्राथमिक शाला में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगर के राइसमिल पारा स्थित प्राथमिक शाला में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम रखा गया। अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद श्रीमती जयंती टुकेश्वरी साहू तथा संकुल समन्वयक लोमश साहू थे।

कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशित बच्चों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। प्रारंभिक उद्बोधन शाला के प्रधानपाठक चमन साहू द्वारा दिया गया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं छात्रों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया। मुख्य अतिथि बलजीत छाबड़ा ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ शिक्षा यात्रा प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया। पार्षद श्रीमती जयंती साहू ने भी शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के दौरान पार्षद द्वारा विद्यालय में रसोइयों को मध्यान्ह भोजन पकाने में आ रही कठिनाई को दृष्टिगत रखते हुए दो मुंहवाला गैस भट्ठा दिया गया। विद्यालय समिति की मांग पर बरसात में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु नगर पंचायत द्वारा परिसर में चेकर टाइल्स लगाने के लिए शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान सभी अतिथि, शिक्षकों एवं विद्यालय समिति के सदस्यों ने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया।

इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती अरुण चौहान, रसोइया श्रीमती रामप्यारी यादव, सफाईकर्मी देवेंद्र साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती महेश्वरी साहू, महिला समूह अध्यक्ष श्रीमती कचरी बाई गौर, सदस्य श्रीमती सोनीबाई पटेल एवं श्रीमती कलाबाई नाग सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## जीजामगांव में ग्रामीणों ने छायादार, फलदार पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



ग्राम पंचायत जीजामगांव में स्व. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की पुण्यतिथि एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। छायादार, फलदार एवं सुन्दर फूलों के पौध रोपे गए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी मां के नाम पर दर्जनों पौधों का रोपण कर उन्हें जाली के घेरों से सुरक्षित किया। मौके पर सरपंच देवचरण चंद्राकर, कुणाल देवांगन सचिव, होरीलाल महिलांगे उपसरपंच, जागेश्वर साहू रोजगार सहायक, प्रमोद कुमार साहू कम्प्यूटर ऑपरेटर, देवराज ध्रुव, रमा बाई पंच, कृष्णकुमार साखरे पंच, गिरवर पटेल,सीमा पटेल, धनेश्वरी ध्रुव, संतोषी ढीमर, सुमंत मारकाण्डे, जनक बाई कुर्रे, केकती रात्रे, दुर्गेश साहू,संतराम साहू, हरिशचंद्र साहू, रोहित साहू, शुभमदास बघेल समेत अन्य उपस्थित थे।

### एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता आज

**धमतरी।** राज्यस्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता 28 से 29 जून तक रायपुर विवेकानंद कोटा स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें हिस्सा लेने जिलास्तरीय चयन ट्रायल 24 जून मंगलवार को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में होगी। उम्र वेरिफिकेशन हेतु आधार कार्ड के साथ 100 रूपए पंजीयन शुल्क जमा करना होगा। खिलाड़ियों को सुबह 6 बजे आना होगा। यह जानकारी अध्यक्ष रितिका यादव, कोच टिक्की निर्मलकर ने दी।

बोकराबेड़ा माध्यमिक शाला का मामला, बीईओ की समझाइश पर ताला खोला

# प्रधानपाठक की वापसी पर पालकों ने फिर की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



बोकराबेड़ा माध्यमिक शाला के पालक प्रधानपाठक के वापस आने एवं भृत्य की वापसी को लेकर स्कूल के मुख्य गेट में ताला बंदकर स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गए।

ज्ञात हो कि 16 जून को स्कूली बच्चे, पालकों ने प्रधानपाठक का स्थानांतरण करने की मांग को लेकर करीब घंटे भर स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया था। डीईओ और बीईओ से ग्रामीणों को आश्वासन मिला कि एक सप्ताह के अंदर उनकी मांग पूरी कर दी जायेगी तब कहीं जाकर पालकों ने गेट का ताला खोला फिर सभी बच्चे और शिक्षक स्कूल के अन्दर प्रवेश किए।

ग्राम बोकराबेड़ा की माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधानपाठक के अभद्र व्यवहार से ग्रामीण व स्कूली बच्चे परेशान थे। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां पदस्थ प्रधानपाठक बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करते थे जिन्हें यहां से हटाने के लिए ग्रामीणों ने दो वर्ष पहले मांग की थी। कुछ दिन के लिए उन्हें अन्यत्र अटैच कर दिया था लेकिन अब पुनः फिर उसे इसी स्कूल में वापस भेज दिया गया है जिसे लेकर ग्रामीणों ने सोमवार 23 जून को फिर तालाबंदी की। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई करने की बात कही है जिसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल के गेट का ताला खोला, जिसके बाद सभी बच्चे स्कूल के अन्दर गए। अब देखना है कि ग्रामीणों की मांग एक सप्ताह के अंदर पूरी होती है या नहीं। ग्रामीणों ने स्कूल के भृत्य की वापसी की मांग की।

इस मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों की मांगों से उच्च अधिकारी को अवगत करा दिया है। प्रधानपाठक को दूसरी जगह अटैच किया जा रहा है। वहीं भृत्य को रिलीव कर दिया गया है।

## अंचल की खबरें

### जोरातराई में मनाई गई डा. मुखर्जी की पुण्यतिथि



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर रामस्वरूप साहू भाजपा जिला मंत्री, ईश्वर निषाद उपसरपंच, रामजी तारक बूथ अध्यक्ष, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, नेमी साहू, प्यारेलाल पाल, मुकेश साहू, गोपाल राजपूत, रोहित वैष्णव, नन्द कुमार तारक, देवनारायन साहू पंच, बालमुकुंद साहू पंच, खिलेश साहू पंच, दिनेश तारक आदि उपस्थित थे।

### राजेंद्र बने वेयर हाउस कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष



**नगरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के जिला अध्यक्ष पद पर राजेंद्र सेठिया को नियुक्त किया गया है। राजेंद्र के जिला अध्यक्ष बनने पर शाखा के सभी सदस्यों एवं हमाल संगठन के पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया। श्री सेठिया ने कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखकर कार्य करने की बात कही।

### नहरडीह में निषाद समाज की हुई बैठक



**मगरलोड।** छग निषाद समाज जिला धमतरी के सानिध्य में संचालक मंडल के पदाधिकारीगण व 14 पाली निषाद समाज परिक्षेत्र नारी पाली अंतर्गत ग्राम नहरडीह में सामाजिक समरसता के लिए बैठक 20 जून को हुई। बैठक में सामाजिक जनों ने समाज की विषयों को बारी-बारी से रखा। स्वजातियों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हरकराम निषाद, महासचिव नारायणलाल निषाद, कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, संरक्षक भोलाराम निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष केआर महेन्द्र, सलाहकार रामकिशुन निषाद, मनराखन निषाद, प्रकाश निषाद, फगनू निषाद, टेकराम निषाद पंचराम निषाद, पवन निषाद, टिकेश निषाद, चनक निषाद आदि उपस्थित थे।

### वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है

- नपं भखारा के शीतला तालाब में हुआ पौधरोपण



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा के शीतला तालाब पार में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने पौधरोपण किया। उन्होंने संदेश दिया कि बीमारियों से बचाव के लिए पर्यावरण को हराभरा रखें और इसके लिए पौधरोपण आवश्यक है साथ ही देखभाल भी। स्थानीय शीतला तालाबपार कोलियारी रोड में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों द्वारा पौधरोपण का आयोजन किया गया। सभी ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु यह आवश्यक है। आपदाओं को कम करने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस दौरान कनेर, बरगद, नीम, करंज, कदंब, सीताफल सहित कई फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर हरख जैन, ज्योति जैन नपं अध्यक्ष, विष्णु साहू उपाध्यक्ष, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, झम्मन साहू, कमलेश चंदेल, नपं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### 11 वर्ष में देश ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए



**मगरलोड।** विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 11 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत भाजपा मंडल मगरलोड के मगरलोड शक्ति केंद्र भाजपा कार्यालय में चौपाल कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । 11 वर्षों में देश ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। गरीब, किसान, युवा और महिलाएं आज सशक्त हो रहे हैं। मौके पर मुख्य वक्ता शत्रुघ्न साहू, कार्यक्रम प्रभारी गोविंद साहू, सहप्रभारी नारायण साहू, मंडल कोषाध्यक्ष डीहू राम साहू, पार्षद बिराजो बाई साहू, बेदम चौहान, अशोक साहू, यादराम गायकवाड़, बूथ अध्यक्ष निर्मल साहू, लीलाराम साहू, लेखनारायण, युवराज साहू, संतोष साहू, जयतु साहू, तुलेश्वर ध्रुव, हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने विकसित भारत के संकल्प में सहभागिता प्रदान करने का संकल्प लिया।




अब अतिक्रमण हटाने के लिए फाइनल कार्रवाई होगी

# रेलवे प्रभावितों को मिले अंतिम नोटिस की अवधि खत्म

धमतरी से सेनचुवा के बीच 16 किमी लंबी पटरी बिछाने के काम में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी से रायपुर तक बड़ी रेललाइन के लिए पटरी बिछाने का काम अब अंतिम चरण पर है। 544 करोड़ की लागत की इस परियोजना में टोटल 67 किमी तक रेललाइन पटरी बिछाई जानी है। वर्तमान में रेल विभाग द्वारा 51 किमी तक केन्द्री से कुरूद तक पटरी बिछाई जा चुकी है। धमतरी में रेल प्रभावित को नहीं हटाने के कारण सेनचुवा से धमतरी तक 16 किमी लंबी रेल पटरी बिछाना बाकी है। अतिक्रमण हटते ही पटरी बिछाने के काम में तेजी आएगी। धमतरी में स्टेशन, यात्री प्रतीक्षालय, गुड्स टर्मिनल का काम अंतिम चरण पर है। फिनिशिंग का काम अगले कुछ महीने में पूरा हो जाएगा।

रेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटते ही धमतरी से कुरूद सेनचुवा तक पटरी बिछाई जाएगी। इसके बाद बड़ी रेल



120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से धमतरी से केन्द्री तक दौड़ेगी। धमतरी तक पटरी बिछ जाने से कांकेर, जगदलपुर, राजिम, नगरी, दुर्ग, बालोद सहित सभी सीमावर्ती क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा फायदा होगा। लोगों को यात्री किराया, समय दोनों की बचत होगी। टाइम टू टाइम गंतव्य तक पहुंचेंगे। उद्योग-धंधे से जुड़े व्यापारियों को सामान लाने ले जाने में काफी सहूलियत होगी। माल, भाड़ा, यात्री किराया कम ही लगेगा। रेललाइन का काम 2025 के अंतिम माह तक पूरा होगा।

अधिकारियों ने बताया कि 3 बड़े स्टेशन अभनपुर, कुरूद, धमतरी होंगे। छोटे स्टेशन चटौद, सिर्री, सरसोंपुरी, सांकरा होंगे जहां पैसेंजर हाल्ट बनाया जाएगा। ट्रेन की रफ्तार 120 किमी प्रतिघंटे होगी। रेलपांत स्पेशल सीमेंट की स्लीपर होगी जिसे मजबूती देने माल ट्रेलर चलाया जाएगा। स्लीपर को गिट्टियों से ढंका जाएगा ताकि स्लीपर को कोई नुकसान नहीं पहुंचे।

### शिफ्टिंग का काम पूरा करेंगे : कमिश्नर प्रिया गोयल

निगम कमिश्नर प्रिया गोयल ने कहा कि रेलवे प्रभावित परिवारों के लिए निगम द्वारा शिफ्टिंग का काम पूरा किया जाएगा। शहर के महिमासागर वार्ड या अन्य कोई दूसरी जगह उन्हें आश्रय दिया जाएगा। काम को जल्द पूरा करने कोशिश चल रही है। रेलवे प्रभावित परिवारों ने रहने के लिए भवन की मांग की है।

विदित हो कि रेलवे की जमीन को खाली करने के लिए रेलवे विभाग दर्जनों बार कार्रवाई की जा चुकी है। इस दरम्यिान कुछ दिनों की मोहलत देने की वजह से काम में देरी हो रही है। कुछ लोगों ने स्वयं से कब्जा लिया है। अब शेष बचे परिवारों को 22 जून तक जमीन खाली करने का समय दिया गया था। स्टेशनपारा से पलायन कर कुछ परिवार ने महिमासागर वार्ड स्थित बहुमंजिला पीएम आवास में शरण ली है। नोटिस की अंतिम तिथि 22 जून के बाद 23 जून को स्टेशनपारा में फिर से कार्रवाई की जाएगी। रेलवे ने कहा कि नुकसान से बचने संबंधित परिवार स्वयं से कब्जा हटा लें। रेलवे प्रभावित परिवार रामचरण साहू, फूलमती बंजारे, नीलकमल कुर्रे आदि का कहना है कि जिला एवं निगम प्रशासन को स्थायी ठिकाना के लिए फरियाद कर चुके हैं। रेलवे के नोटिस के अंतिम दिन जमीन खाली करके जाना ही है। शासन प्रशासन से सहायता नहीं मिलने पर कहीं किराया के मकान में निवास करेंगे। इधर महिमासागर वार्ड में बनाए गए पीएम आवास अधूरे हैं। मूलभूत सुविधा नहीं होने से आश्रय लेने वाले परिवार परेशान हैं। यहां निवास कर रहे टीकमचंद बंछोर, श्यामलाल महिलांगे, नंदकिशोर साहू का कहना है कि निगम प्रशासन बहुमंजिला पीएम आवास को सुविधाजनक बनाएं।

# चंडी मंदिर से सोने-चांदी के आभूषण समेत दानपेटी की चोरी

- धार्मिक आस्था को ठेस : चोरों ने सप्ताह भर पहले छग महतारी मंदिर में किया था हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद नगर से धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाली घटना सामने आई है। रविवार की रात अज्ञात चोरों ने कुरुद के प्रसिद्ध चंडी मंदिर को निशाना बनाते हुए माता की मूर्ति से रानी हार, चरण पादुका, मुकुट कुंजल और मंदिर में रखी दानपेटी को चुरा लिया जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश और असुरक्षा की भावना व्याप्त है।

गौरतलब है कि लचर कानून व्यवस्था का लाभ उठा इन दिनों चोर उठा रहे हैं। मंदिरों में धावा बोल देवी देवताओं के आभूषणों और दानपेटियों की चोरी कर रहे हैं। सप्ताह भर पहले छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में चोरी हुई थी। उसके आरोपी पकड़ाते उससे पहले फिर नगर की आराध्य देवी चंडी मंदिर में अज्ञात चोर ने सोने, चांदी के आभूषण, दानपेटी समेत लाखों की चोरी कर पुलिस को खुला चैलेंज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक रविवार रात कुरूद के प्रसिद्ध चंडी मंदिर में अज्ञात चोर मंदिर का दरवाजा तोड़कर सोने का मुकुट 9 तोला, सोने की बिंदिया 5 ग्राम, सोने का लाकेट 12 तोला अनुमानित कीमत 22 लाख तथा चांदी की चरण पादुका 21 तोला अनुमानित कीमत 21 हजार तथा दानपेटी की नगदी 10 सहित करीबन साढ़े 22 लाख की चोरी कर चंपत हो गये। सोमवार की सुबह पुजारी जितेन्द्रनाथ योगी पूजा करने मंदिर पहुंचे तो गर्भगृह के लकड़ी का दरवाजा टूटा हुआ और देवी मां के मुकुट समेत सारे गहने व दानपेटी गायब थी। उन्होंने आसपास के नागरिकों समेत मंदिर समिति को जानकारी दी।

इस संबंध में एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि चंडी मंदिर में चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद है। फुटेज के आधार पर चोर जल्द पकड़ा जाएगा। बहरहाल कुरूद थाना पुलिस और साइबर सेल पतासाजी में जुटी हुई है।




### मंदिर पुलिस थाना से सिर्फ 100 मीटर दूर

सौ मीटर की दूरी पर स्थित थाने में सूचना दी गई। तब पुलिस हरकत में आई और मंदिर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। ज्ञात हो कि 13 जून की दरम्यानी रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर में भी दान पेटी की चोरी हुई थी। जिसमें चोर चोरी करते स्पष्ट रूप से सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है। लेकिन पुलिस के हाथ आज तक चोर के गिरेबांह तक नहीं पहुंच पाये हैं और अब नगर की आराध्य देवी चंडी मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात हो गई जिससे लोगों में भय व्याप्त है। कब किसके घर चोर धावा बोल दे।

# सचिव और रोजगार सहायक से ग्रामीण परेशान, तबादले की मांग



- जांच दल द्वारा दोनों को दोषी पाए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरी विकासखंड के ग्राम भैंसामुड़ा के लोग पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक की कार्यप्रणाली से परेशान हो चुके हैं। जांच दल द्वारा दोनों को दोषी पाए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित सरपंच सहित ग्रामीणों ने सचिव और रोजगार सहायक का ट्रांसफर करने की मांग की है। भैंसामुड़ा सरपंच मुकेश्वरी ध्रुव, इंदल नेताम, रामभवन ध्रुव, दिनेश, कुलेश्वर आदि ने बताया कि पंचायत में पदस्थ सचिव शिवचरण ध्रुव तथा रोजगार सहायिका गायत्री बाई विगत 6 माह से पंचायत नहीं आ रहे हैं। किसी भी काम के लिए गांव से 18 किमी दूर सचिव के घर जाना पड़ता है। इसी तरह रोजगार सहायिका भी किसी लेन-देन मामले के चलते महीनों से गायब हैं।

ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा तथा आश्रित ग्राम मटियाबाहरा, खुदूरपानी के ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक कर जिलाधीश से शिकायत कर जिला पंचायत तथा जनपद नगरी को प्रतिलिपि सौंपी थी। जनपद पंचायत नगरी से 3 जून को जांच दल भैंसामुड़ा पहुंचा। वहां पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक को दोषी पाया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सचिव तथा सरपंच के तबादले के लिए बयान लिखकर दिया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में छात्र-छात्राओं को प्रमाण -पत्र बनाने में आ रही समस्या को देखते हुए नये सचिव एवं रोजगार सहायक पदस्थ करने की मांग की है।

### निधन : किरण भेंसले

**धमतरी।** ग्राम हसदा निवासी ताराचंद भेंसले की धर्मपत्नी श्रीमती किरण भेंसले उम्र 54 वर्ष का 23 जून दिन सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपनी पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे पुत्री चंद्रप्रभा, शशिप्रभा और पुत्र सूर्यकांत भेंसले की माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हसदा-अरकार, जिला बालोद में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज सहित ग्राम हसदा के गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लोकसभा में पारित विधेयक का पेंशनरों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार को विभिन्न पेंशनर संगठनों ने आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलने के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन धमतरी, छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा नगरी एवं अन्य पेंशनर संगठन के पेंशनर उपस्थित थे।

पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष होरीलाल साहू, शत्रुघन पाण्डेय, संतोष साहू, आरएन देव ने बताया कि केन्द्र सरकार ने 25 मार्च 2025 को लोकसभा में केन्द्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमों के सत्यापन के संबंध में एक विधेयक पारित किया है। उक्त



विधेयक के अनुसार पेंशनभोगियों को आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग 2026 की सिफारिश का कोई लाभ नहीं मिल सकता। इससे 2026 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारी आठवें वेतन आयोग के सिफारिशों से वंचित हो जाएंगे। पेंशनरों ने कहा कि सामाजिक न्याय करने के लिए पेंशन एक सामाजिक उपाय है। जिन्होंने अपने जीवन की सर्वोत्तम अवधि अपने न्योक्ता के लिए कठिन परिश्रम किया कि बुढ़ापे में उन्हें समाज से बेसहारा न छोड़ा जाए। एक पेंशनर स्वावलंबी स्वतंत्र एवं स्वाभिमान से उसी स्तर पर जीवन व्यतीत कर सके जिस तरह वह सेवानिवृत्त के पूर्व व्यतीत कर रहा था। संशोधित पेंशन स्कीम केवल उन्हीं लोगों को मिलेगी जो निर्धारित तिथि के बाद सेवानिवृत्त होंगे। निर्धारित तिथि के पूर्व रिटायरमेंट होने वालों को भी मूल्य वृद्धि और रूपये के गिरते मूल्य का कष्ट सहना होगा। ज्ञापन सौंपन के दौरान अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला धमतरी सहित अन्य पेंशनर संगठन के पेंशनर उपस्थित थे।

# भाठागांव सहकारी समिति में मनाया गया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति भाठागांव में योग प्रशिक्षक भूषण लाल साहू के मार्गदर्शन में योग कार्यक्रम हुआ।

संस्था के प्राधिकृत अधिकारी आदर्श चन्द्राकर, पुष्पलता साहू सरपंच, नरसिंग साहू, हिमांशु साहू जनपद सदस्य, प्रीतम साहू उपसरपंच, इंद्रमण साहू, लिखन साहू, ठाकुरराम साहू, जन्मेजय ध्रुव, रामनारायण साहू, जीवन साहू पंच, श्रीमति शशि साहू पंच, सतीश साहू, सुभाष कादर, राजेन्द्र चन्द्राकर, मोरजध्वज साहू, सोमप्रकाश साहू, नरहर ध्रुव, चुम्मन साहू, अक्तुराम ध्रुव, मानिक राम साहू, विशुन साहू, प्रहलाद कंवर, मोहनु राम कंडरा, थानसिंग साहू, लखन लाल साहू, विजेन्द्र प्रजापति, रिखीराम यादव, बलराम साहू, अनुज साहू, बिशाल साहू, गुरूनारायण पाठक समिति प्रबंधक, खिलेन्द्र साहू सहायक समिति प्रबंधक, सूरज साहू, लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर, नामदेव चन्द्राकर लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर, तेजेन्द्र चन्द्राकर धरमकांटा ऑपरेटर, हीराराम साहू सेल्समेन, तिलक साहू सेल्समेन, डुगेश साहू सेल्समेन, गणेश निर्मलकर सेल्समेन, नीरज साहू सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर, नारायण निर्मलकर चौकीदार, यादराम साहू धरमकांटा चौकीदार, होमशिखा साहू सहित अन्य उपस्थित हुए।




# अवैध शराब के साथ महिला सहित दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक महिला से 6 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार जिले में अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण व परिवहन पर रोक लगाने पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगरी व सिहावा पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में कार्रवाई कर एक महिला व दो युवक को गिरफ्तार किया है। नगरी पुलिस

- 6 लीटर महुआ व 22 पौवा अवैध शराब जब्त




को मुखबिर से शराब जंगलपारा के भट्ठी मार्ग पुल के पास से दो युवकों द्वारा शराब परिवहन किये जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल जंगलपारा पहुंची और शराब भट्ठी मार्ग में पुल के पास बाइक सवार दो संदिग्धों को रोककर पूछताछ की। एक ने अपना नाम बुधारू लहरे व दूसरे ने गणपत बंजारे बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 22 पौवा देशी अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने परिवहन में उपयोग की जा रही बाइक व 22 पौवा अवैध शराब कीमत 1760 रूपये को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी बुधारू लहरे पिता मुकुंदराम उम्र 30 वर्ष व गणपत लहरे पिता मेहत्तर उम्र 42 वर्ष दोनों ग्राम छिपली थाना नगरी निवासी को आबकारी एक्ट 34-1 के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई। इसी तरह सिहावा पुलिस को मुखबिर से ग्राम बेलरगांव में एक महिला द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध रूप से बिक्री के लिए महुआ शराब रखे होने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल बेलरगांव महिला रमोतिन मंडावी पति रामनाथ उम्र 48 वर्ष ग्राम बेलरगांव थाना सिहावा निवासी के कब्जे से 6 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 12 सौ रूपये जब्त की। पुलिस ने आबकारी एकट 34-2 के तहत कार्रवाई की है।



चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# राज्य खेल अलंकरण के लिए आवेदन मंगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हर साल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। खेल अधिकारी ने बताया कि यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को दिया जाता है। इन पुरस्कारों के इच्छुक खिलाड़ी 26 जून तक आवेदन कर सकते हैं। नियमों के तहत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है। वर्ष 2023-24 में (1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) एवं वर्ष 2024-25 में (1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) जिन खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया है, वे खिलाड़ी जिला कार्यालय एवं अपने खेल संघों से आवेदन फार्म प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं।

मामला वन परिक्षेत्र केरेगांव के कक्ष क्रमांक 118 का

# जंगल से दर्जनों सागौन पेड़ काटकर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

सामान्य वन मंडल धमतरी के वन परिक्षेत्र केरेगांव के झुरातराई बीट क्रमांक 118 में ग्राम भालूचुआ से झाझरकेरा पहुंच कच्चे सड़क मार्ग के दाहिनी ओर हजारों की संख्या में सागौन का पेड़ लगाया गया है जहां से लगातार सागौन वृक्ष की अवैध कटाई हो रही है। भले ही सड़क मार्ग से अवैध कटाई स्थल की दूरी महज 20 से 30 मीटर की है लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी।

दर्जनों सागौन पेड़ की कटाई वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही की सबब




जान पड़ती है। पत्रकारों की टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो पता चला कि इस सागौन प्लाट में लगभग सौ से अधिक पेड़ों की कटाई हो गई है जो डेढ़ से दो महीना पुराना लगता है। गौरतलब है कि इस सागौन पेड़ की अवैध कटाई की जानकारी न तो क्षेत्रीय बीएफओ को है और न ही सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी को। ज्ञातव्य है कि इस स्थल से बीट गार्ड का निवास स्थान मात्र चार-पांच किलोमीटर की दूरी पर है तथा इस क्षेत्र में चौकीदार और फायरवाचर भी रहता है लेकिन बीट गार्ड एवं डिप्टी रेंजर की लापरवाही के चलते सागौन वृक्ष की अंधाधुंध कटाई एवं ढुलाई हो रही है। इस संदर्भ में झुरातराई के बीट गार्ड से सागौन वृक्ष की अवैध कटाई के संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि मेरी तबीयत खराब थी इसलिए क्षेत्र में नहीं जा पाया हूं। उस जगह जाकर सागौन पेड़ की कटाई को देखूंगा। मुझे पता नहीं है कि कितनी कटाई हुई है। इसी तरह सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी से मोबाइल से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि अभी तो 118 कक्ष क्रमांक में सीपीटी व फेंसिंग लगा हुआ है तो बीट गार्ड को कैसे पता नहीं है कि उस जगह पर सागौन वृक्ष की कटाई हुई है। देखता हूं। क्षेत्रीय बीटगार्ड एवं डिप्टी रेंजर के इस जवाब से पता चलता है कि वह अपने कार्य में घोर लापरवाही बरत रहे हैं जिनके कारण वन संपदा का भारी नुकसान हो रहा है। यह देखकर कुछ ग्रामीणों एवं पूर्व जनप्रतिनिधि ने वन मंडल अधिकारी से क्षेत्रीय बीट गार्ड एवं सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए इस क्षेत्र से हटाने की मांग की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

— दवाई मिलने का स्थान —
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

नाले की सफाई पांच बार वृहद स्तर पर की गई

# पीडी नाला में सफाई के बाद फिर दिखा कचरा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के नाला, नालियों के साथ पीडी नाला की सफाई बड़े पैमाने पर की गई थी। लगातार दस दिन की सफाई में 30 से 40 ट्रेक्टर मलबा निकाला गया। प्लास्टिक, बोतल, मेडिकल अपशिष्ट, लकड़ी, लोहा, ईंट, सीमेंट के अवशेष पाये गये। जेसीबी, चेन माउंटेन मशीन, हाईप्रेशर वैक्यूम क्लीनर मशीन की सहायता से कचरा को बाहर निकालकर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। फरवरी से मई माह तक की गई क्रमानुसार सफाई में सैकड़ों टन कचरा बाहर किया गया। साथ ही महापौर, आयुक्त, उपायुक्त, एमआईसी मेंबर, पार्षद जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन द्वारा नालियों में कचरा नहीं डालने नागरिकों से आग्रह किया था। इसके सप्ताह भर बाद रविवार को पीडी नाला में कई टन प्लास्टिक का कचरा फिर दिखा। आखिर अपील के बाद भी यह कचरा कहां से आया।

क्या नागरिकों ने निगम और जिला प्रशासन की बातों को अनसुना कर नालियों में फिर से कचरा डालना शुरु कर दिया। एक तरफ निगम ने शहर को साफ सुथरा रखने की मुहिम छेड़ रखी है। शहर को बारिश की पानी में डूबने से बचाने नाला नालियों की वृहदस्तर पर सफाई कर रहा है। दूसरी तरफ जनता सड़क और नालियों में कचरा डाल रही है। रविवार को पीडी नाला की दुर्दशा देखकर ऐसा लगा कि इसकी वर्षों से सफाई नहीं हुई है। निगम अमला अपना अन्य काम छोड़कर अब फिर से सफाई में जुटेगा।

### खुले में कचरा न डालें : रामू



निगम महापौर रामू रोहरा ने कहा कि पीडी नाला में कचरा देखकर ऐसा लगता है कि नागरिकों ने निगम प्रशासन का आग्रह नहीं माना। उन्होंने एक बार फिर जनता से आग्रह करते हुए कहा कि कचरा नियत स्थान पर डालें। कचरा नालियों, नाला, सड़क, खुले स्थान पर न डालें।

### नए सिरे से होगी सफाई : नीलेश

स्वास्थ्य विभाग के सभापति एमआईसी मेंबर नीलेश लूनिया ने कहा कि बारिश पूर्व शहर की कई क्रम में सफाई हो चुकी है। नाला नालियों की दर्जनों बार सफाई मशीनों से की गई है। सैकड़ों टन कचरा बाहर निकाला गया। इस दरम्यिान नागरिकों से कचरा न डालने का आग्रह भी किया गया, लेकिन जनता अब भी कचरा डाल रही है। पीडी नाला की पांच बार सफाई हो चुकी है। अब फिर से नए सिरे से सफाई कराई जाएगी।

### कचरे को खुले में फेंकना अपराध माना जाए

शहर के जिम्मेदार नागरिकों का कहना है कि खुले में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना, दंडात्मक कार्रवाई करने की जरूरत है। चिन्हांकित होने पर सजा का प्रावधान होना चाहिए। खुले में कचरा फेंकना अपराध की सूची में माना जाए, ऐसा नियम बनाना चाहिए।

# आदिवासियों को पशुपालन मुर्गीपालन के लिए मिलेगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के आदिवासी एवं जनजातीय कमार परिवारों का जीवनस्तर सुधारने शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। विभाग के अधिकारी विमल कुमार साहू ने बताया कि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभाग द्वारा 105 गांवों में धमतरी आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। शिविर में आय, जाति, निवास, राजस्व सेवा, राशनकार्ड, स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान, श्रम पंजीयन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, पेंशन, आवास, मनेरगा, शिक्षा, बाल विकास आदि ऐसे क्षेत्र हैं जिनकी सेवाएं तवरित दी जा रही हैं। यह शिविर 30 जून तक संचालित है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आदिवासी परिवारों की आमदनी बढ़ाने 1150 परिवारों को सुकर पालन, मुर्गीपालन, पशुपालन, बकरी पालन आदि के लिए शासन से अनुदान दिया जाएगा। बैंकों से ऋण दिलाने स्वीकृति पत्रक भेजा गया है। व्यवसाय करने से पहले प्रशिक्षण, फायदे, तकनीकी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि आदिवासी जनजातीय परिवारों को व्यवसाय में बढ़ावा देने से उनकी अर्थव्यवस्था सुधरेगी। समय-समय पर कार्यशाला लगाकर प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि परंपरागत व्यवसाय के साथ-साथ अन्य व्यवसाय अपनाकर जीवनस्तर ऊपर उठा सके। व्यवसायियों के लिए स्थानीय बाजार, खरीदार भी तैयार किए जा रहे ताकि उन्हें उत्पाद का सही मूल्य मिल सके।

# मेघा में पं. श्यामाप्रसाद की पुण्यतिथि मनी




हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष मेघा योगेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रवाद के प्रतीक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने एक देश एक विधान एक निशान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज उनका राष्ट्र के प्रति समर्पण हमें एकता, अखंडता एवं राष्ट्र प्रथम-संगठन सर्वोपरि की भावना को सशक्त करने की प्रेरणा देता है। मौके पर जनपद सदस्य यमुना केवल साहू, सरपंच मनीषा गजेंद्र ध्रुव, पंच तुलेश निषाद, बेदराम साहू, ऋतु निषाद, बूथ अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ता योगेश्वर साहू, दीनदयाल साहू, डॉ. कमल सिन्हा, गजेंद्र ध्रुव, देवनाथ साहू उपस्थित थे।

# बच्चों को मिठाई खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय माध्यमिक, प्राथमिक शाला कुर्रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। अतिथि श्रीमती खिलेश्वरी किरण पूर्व सदस्य जिला पंचायत धमतरी, पीतेश कुमार टंडन सरपंच, परमेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष कृषि साख समिति कुर्रा, खम्हन राम साहू पूर्व सरपंच, हेमू राम यादव, हेमंत कुमार साहू, चुम्मन लाल साहू थे। श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने अपने उद्बोधन में बच्चों को प्राचीन भारतीय संस्कृति व संस्कार से अवगत कराया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को मीठा खिलाकर गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शासन से निःशुल्क प्राप्त गणवेश और पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। संकुल समन्वयक व माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक लोकेश कुमार पाण्डेय ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन तरुण कुमार साहू शिक्षक ने किया। मौके पर शिक्षिका श्रीमती चंपी साहू, श्रीमती चंद्रिका देवांगन, श्रीमती जामुन मंडावी उपस्थित रही। आभार व्यक्त श्रीमती दुर्गेश्वरी साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला कुर्रा ने किया।

# भाजपा शहर मंडल ने मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा शहर मंडल ने डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक महेंद्र पंडित ने कहा कि अगर श्यामाप्रसाद मुखर्जी नहीं होते तो आज पंजाब, बंगाल और कश्मीर हमारे देश का हिस्सा नहीं होता। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. एन.पी. गुप्ता ने डा. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

मौके पर अविनाश दुबे, कविंद्र जैन, डीपेंद्र साह, धनीराम सोनकर, ज्ञानीराम रामटेके, विनोद रणसिंग, अर्चना चौबे, बीथिका विश्वास, चंद्रकला पटेल, अनीता सोनकर, रोहिदास मिश्रा, अवनेंद्र साहू, अनिल तिवारी, पिन्टू यादव, निलेश लुनिया, अज्जू देशलहरे, राम सोनी, राकेश यादव, गौरव मगर, राजीव चंद्रकार, विशाल त्रिवेदी, नीतू त्रिवेदी, एतब देवांगन, देवेन्द्र धुवंशी, आशा लोधी, नन्दू लोधी, कैलाश सोनकर, चिराग़ आथा, अतुल साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिविर में 28 आवेदनों का किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 30 जून तक विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजित कर जनसमस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर स्थल में जाति, निवास 18, गैस सिलेंडर 2, आयुष्मान कार्ड 1, आधार कार्ड 5, खाद ऋण 2 कुल 28 आवेदनों का निराकरण किया गया।

शिविर में गट्टासिल्ली सरपंच रामकुमार सामरथ, करैहा सरपंच राधेश्याम नेताम, चिंवरी सरपंच कीर्ति मरकाम, खैरभरी सरपंच अरूण कोर्राम, गेदरा सरपंच सारदा साक्षी, गोविन्दपुर आरती सलाम, घोटगाव सरपंच विकास कुमार नेताम, झुंझराकसा सरपंच गजेन्द्र मंडावी, बगरूमनाला सरपंच राजेश्वरी कावड़े, विकास विस्तार अधिकारी आरएस नेताम, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी आनंद साहू समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी व पंचायत सचिव उपस्थित थे।



संकलनकर्ता: यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता कुरूद, मो. 9826882770 ; 7987345385




संकलनकर्ता : यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता, कुरूद, मो. 9826882770, 7987345385

